सार-समाचार

रामगंजमंडी मुक्तिधाम से अस्थि चोरी का सिलसिला जारी, 15 दिन में तीसरी वारदात

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर के मुक्तिधाम से लगातार हो रही अस्थि चोरी की घटनाओं ने आमजन में आक्रोश और भय का माहौल बना दिया है। बीते 15 दिनों में यह तीसरी घटना है, जिससे मुक्तिधाम की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया है। ताजा मामला गायत्री धाम कॉलोनी निवासी लीला देवी शर्मा (52) से जुड़ा है। कैंसर से पीड़ित लीला देवी का अंतिम संस्कार 4 जनवरी को सुबह 10.30 बजे रामगंजमंडी मुक्तिधाम में किया गया था। मंगलवार सुबह तीसरे की रस्म के लिए पहुंचे परिजनों को अस्थियां व राख गायब मिलीं। परिजन राजकुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार रात तक सब कुछ सुरक्षित था, लेकिन रात में अज्ञात लोगों ने अस्थियां चोरी कर ली। गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2022 में एवं 22 दिसंबर को रामप्रकाश मदान और 1 जनवरी को मुन्नी बाई सोनी की अस्थियां भी चोरी हो चुकी हैं। सूचना पर डीएसपी घनश्याम मीणा मय थानाधिकारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। लगातार घटनाओं से लोगों में भारी रोष है और प्रशासन से स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की जा रही है। इस मामले में पुलिस उपाधीक्षक घनश्याम मीणा ने बताया कि नगर पालिका से सम्पर्क किया है, उन्हें पत्र भी लिखेंगे श्मशान में सीसीटीवी कैमरे लगाएं ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो। मामले की सभी एंगल से जांच की जा रही है।

सनातन शास्त्र सागर की तरह भरा हुआ है : उत्तम स्वामी महाराज

कोटा, (निसं)। प्रख्यात आध्यात्मिक गुरू एवं तपस्वी संत उत्तम स्वामी महाराज के श्रीमुख से धार्मिक नगरी कोटा के काला तालाब चन्द्रेसल रोड स्थित सांवरिया मैरिज गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें तीसरे दिन मंगलवार को उन्होंने सनातन, संस्कृति, प्रकृति के साथ ही जीवन को सफल बनाने, मोक्ष की प्राप्ति, ईश्वर की प्राप्ती सहित कई विषयों को समाहित करते हुए श्रीमद् भागवत की कई कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सनातन शास्त्र सागर की तरह भरा हुआ है, जिसमें नारायण की गाथा है। उन्होंने जीवन का सार बताते हुए कहा कि परमात्मा व प्रकृति को नहीं मानना ही दुख का कारण होता है, प्रकृति में दया लोभ, मोह नहीं होता वह सभी के लिए समान है। महाराज ने कहा कि मोक्ष के लिए नारायण बांके बिहारी की उपासना करनी चाहिऐं। पूर्व भाजपा देहात जिला अध्यक्ष मुकुट नागर ने बताया कि उत्तम स्वामी की कथा में हजारों की संख्या में दूर दराज से भक्तजन आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कांग्रेस शहर अध्यक्ष राखी गौतम, उद्योगपति ताराचंद गोयल, संघ के प्राचारक राजेन्द्र द्विवेदी, भारत विकास परिषद के महामंत्री अरविंद गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा हेमंत विजय सहित कई लोगों ने कथा का श्रवण किया।

सूने पड़े मकान में सोने के गहने व नकदी पर हाथ साफ किया

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में एक सूने पड़े मकान में नकदी, सोने के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है, अज्ञात चोर अलमारी का ताला तोड़कर सोने के गहने व नकदी चोरी करके फरार हो गये। जानकारी के अनुसार बोरखेड़ा इलाके के प्रताप नगर प्रथम निवासी 72 वषीय वृद्वा महिला आहिल्या घर में अकेली रहती थी, महिला तबियत खराब होने पर अपने भाई के यहां रहने चली गई। पीछे से सूने पड़े मकान में अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। मकान में चोरी की सूचना पर महिला भाई के साथ घर पर आई तो मकान का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था, अलमारी के ताले टूटे हुए थे, मकान में चोरी की सूचना पुलिस को दी गई, सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि प्रताप नगर प्रथम निवासी वद्वा महिला अहिल्या ने मकान में चोरी की रिपोर्ट दी है। थानाधिकारी ने बताया कि महिला अपने-अपने भाई के घर पर गई हुई थी, पीछे से अज्ञात चोर खिड़की की ग्रिल काटकर मकान में घुसे, महिला ने 40-50 हजार नकद व सोने के आभूषण चोरी की रिपोर्ट दी है। महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है।

हमले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा पुलिस टीम ने प्राणघातक हमले में वांछित चल रहे आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा मामले में मुख्य आरोपी सहित 4 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चूका है। बोरखेड़ा थानाधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि 23 अक्टुबर 2025 को फरियादी ने अस्पताल मे पर्चा बयान दिया था। फरियादी ने कहा कि बाईक से नयानोहरा से देबली अरब रोड पर पहुंचा तो अचानक से बाईक के सामने रोहित सिंगोर अन्य आये और बाईक को रूकवाकर अचानक से लोहे के पाईप से प्राणघातक हमला कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में पूर्व में कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चूका था, मामले में वांछित चल रहे आरोपी कोतवाली निवासी मनोज अग्रवाल को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफतार किया। पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

कोटा शहर एसपी का सम्मान किया

कोटा, (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान, जिला शाखा, कोटा के पदाधिकारियों ने तेजस्विनी गौतम, पुलिस अधीक्षक, जिला कोटा शहर से उनके कार्यालय व्यक्तिगत भेंट कर उन्हें नव वर्ष तथा सलेक्शन स्केल का लाभ दिए जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष तेज राज सिंह तथा वरिष्ठ सदस्य अशोक कुमार गुप्ता ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए और अपराध नियंत्रण में उनके सराहनीय कार्य हेतु बधाई भी दी। पदाधिकारियों ने उन्हें बेहतर पुलिसिंग हेतु हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त भी किया। संगठन की आगामी 11 जनवरी, 2026 को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय सम्मेलन में कोटा जिले के समस्त पुलिस अधीक्षक एवं रेंज महानिरीक्षक को भी पृथक से संगठन के पदाधिकारी निमंत्रित करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा, कार्यालय मंत्री विजय सिंह कुंतल, प्रचार मंत्री राम दयाल नागर, सलाहकार अतहर खान, संयुक्त मंत्री राघवेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य बृज मोहन महावर तथा शब्बीर हुसैन भी सम्मिलित रहे।

शीतलहर को देखते हुए विद्यालयों में दो दिवस का अवकाश घोषित

कोटा, (निसं)। जिले में आगामी कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर के मध्यनजर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पीयूष समारिया ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 7 एवं 8 जनवरी का अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार कोटा जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षा से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 7 से 8 जनवरी तक (दो दिवस) का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। शेष कक्षाएँ प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक यथावत संचालित होंगी। अवकाश सिर्फ विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। शेष स्टॉफ (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक) यथावत कार्य करेंगे। उक्त आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

केडीए द्वारा जनसुनवाई कल

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु 08 जनवरी 2026, गुरुवार को नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई प्राधिकरण के मंथन सभागार में सुबह 11.00 बजे से आयोजित होगी। प्राधिकरण द्वारा प्रतिमाह दूसरे एवं चौथे गुरुवार को नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत नागरिकों की भूमि आवंटन, नामांतरण, नगरीय कर, भवन निर्माण स्वीकृति, मूलभूत सुविधाओं, अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं को सुना जाता है तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाती है। प्राधिकरण द्वारा समस्त आमजन से अनुरोध किया जाता है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करें, ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सकें।

'प्रतिभाओं को मंच देकर प्रेरणा का कार्य कर रहा हाड़ौती गौरव सम्मान'

कोटा, (निसं)। हाड़ौती की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं की खोज कर उन्हें सम्मानित करना एक पुनीत और प्रेरणादायी कार्य है। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित अष्टम हाड़ौती गौरव सम्मान 2026 न केवल प्रतिभाओं का सम्मान है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए आगे बढ़ने का जज़्बा भी पैदा करता है। यह बात संभागीय आयुक्त कोटा अनिल अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लगातार आठ वर्षों से इस प्रकार का आयोजन होना अपने आप में अतुलनीय है और इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि हाड़ौती के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं के सम्मान का यह सिलसिला निरंतर जारी रहना चाहिए, जिससे क्षेत्र की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त हो। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर ने कहा कि हाड़ौती संभाग के चारों जिलों- कोटा, बूंदी, बारां एवं झालावाड़ की प्रतिभाओं को तराशकर एक मंच पर एकत्रित करना एक अत्यंत सराहनीय पहल है, जो क्षेत्रीय एकता को भी मजबूत करती है।

कोटा में हाड़ौती गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि आठ वर्षों से लगातार सतत् रूप से प्रतिभाओं को सम्मानित करना न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है और यह अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणा है।

इस अवसर पर न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित अष्टम हाड़ौती गौरव सम्मान 2026 के अंतर्गत हाड़ौती संभाग के चारों जिलों की 125 प्रतिभाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

हाड़ौती गौरव सम्मान में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की सहायक जनसंपर्क अधिकारी आकांक्षा शर्मा को केंद्रीय एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार के माध्यम से युवाओं महिलाओं किसानों एवं वंचित वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर, रचित गुप्ता को आईआईटी रैंक ऑल इंडिया में प्रथम आने पर, कवि जगदीश निराला, कॉमेडियन मेघा सोलंकी, लेखाधिकारी गुलाबचंद, टीकमचंद जैन, सहायक अभियंता अशोक बमनावत, समेत 125 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

कार्यशाला आयोजित

भवानीमंडी, (निसं)। महाविद्यालय में संचालित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चतुर्थ दिवस पर एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी आयुष गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस विभाग से साइबर विशेषज्ञ अशोक विश्नोई उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य प्रो. मनीष गुप्ता द्वारा माला पहनाकर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अशोक विश्नोई ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों की जानकारी दी तथा उनसे बचाव के उपाय बताए। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्ले स्टोर से प्ले प्रोटेक्ट ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी, जिससे फर्जी एप्स एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव किया जा सके।

प्रकरण की घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपी की तलाश जारी

भवानीमण्डी, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुये साइबर एवं अन्य धोखाधड़ी के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराध में संलिप्त व्यक्तियो के विरूद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही हेतु सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही के लिए चलाये जा रहे है। विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमंडी द्वारा थाना हाजा पर विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा लोन फोरक्लॉज करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी अखिलेश गुजराती को गिरफतार करने में सफलता अर्जित की है।

पुलिस के अनुसार गत 4 जनवरी को प्रार्थी ओमप्रकाश मेहर निवासी भवानीमण्डी ने थाने में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि प्रार्थी लोन लेने के लिये अखिलेश गुजराती एवं एक अन्य व्यक्ति मयंक वशिष्ठ उर्फ राहुल शर्मा मिला जिन्होने ऑनलाईन एप्लीकेशन मनीव्यु ऐप (को-पार्टनर पिरामल फाईनेस) माध्यम से 4,85,000/- रूपये का लोन दिलवाया था कुछ समय बाद लोन बंद करवाने के नाम पर दोनों ने मिलकर मेरे से धोखाधड़ी कर करीबन 7 लाख रूपये ले लिये उसके बाद मेरा लोन बंद का स्टेट्स चेक करने के बहाने से मोबाईल फोन लेकर री-फाईन ऐपलिकेशन के माध्यम से 78,112 रूपये एडवांस सेलेरी उठाकर अपने खातो में ट्रांसफर कर ली। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण द्वारा फरियादी के साथ लोन फोरक्लॉज करवाने के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने वाला शातिर आरोपी अखिलेश गुजराती आत्मज राधेश्याम गुजराती निवासी बागरी मोहल्ला, भवानीमण्डी को गिरफतार करने में सफलता अर्जित की है। प्रकरण की घटना में संलिप्त अन्य आरोपी वशिष्ठ उर्फ राहुल शर्मा आत्मज गिरिराज वशिष्ठ निवासी उदयपुर हाल भैसोदामण्डी पुलिस थाना भानपुरा मध्यप्रदेश की तलाश जारी है।

योजनाओं का लाभ सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे : अग्रवाल

छबड़ा (निसं)। संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल ने कहा कि जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुँचाना, प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी की "नैतिक जिम्मेदारी है" ताकि सुशासन सुनिश्चित हो सके और को भी व्यक्ति सरकारी सहायता व उसके अधिकारो से वंचित न रहे। यह केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि एक दायित्व है, जिसे प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी को गंभीरता से निभाना चाहिए। उन्होंने एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण कर एसआईआर सहित अन्य कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की और इस अवसर पर यहां पहुंचे लोगो की जनसमस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देष दिए। यहां पहुंचने पर पुलिस कर्मियों ने संभागीय आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

उन्होने कहा कि योजनाओं का लाभ सिर्फ कागज़ों तक सीमित न रहे, बल्कि आम आदमी के जीवन में बदलाव लाए। प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी सरकार की कड़ी हैं, इसलिए उन्हें सक्रिय होकर लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचानी चाहिए और उनकी मदद करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करें कि 'को छूटे नहीं' के सिद्धांत पर सभी कल्याणकारी योजनाएं हर घर तक पहुंचे। संभागीय आयुक्त ने नगर पालिका पहुंचकर भी यहां चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अग्रवाल ने कहा कि उन्होने यहां एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया और एसआईआर की समीक्षा की व इस सम्बंध में जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर विषेश अभियान चलाया जा रहा हैं। फिर भी उन्होने अवैध खनन पर व्यापक स्तर पर अंकुष लगाने के लिए निर्देषित किया हैं। उपजिला चिकित्सालय के मामले में कहा कि वह मामले को दिखवांएगे। उनके समक्ष दूशित पेयजल, निर्माण कार्य में अनियमितता, अवैध खनन आदि समस्याएं आने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अभिभाषक परिषद के बैनर तले संभागीय आयुक्त को ज्ञापन देकर यहां अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने की मांग की। इस अवसर पर एसडीएम रामसिंह गुर्जर, तहसीलदार यादवेंद्र यादव सहित कई अधिकारी, कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल वर्ष 2000 से 2001 तक छबड़ा छीपाबडौद के उपखंड अधिकारी रहे थे। इसके चलते बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व पत्रकारो ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर उनका माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। 24 वर्शो बाद छबड़ा पहुंचने पर अग्रवाल ने सभी परिचितो, कार्यालय स्टॉफ व जनप्रतिनिधियों को नाम सहित पुकारा और जो लोग नही पहुंच सके उनके बारे में भी जानकारी ली।

ट्रेन से गिरने से रेलवे कर्मचारी की मौत

कोटा, (निसं)। केश्वरायपाटन थाना क्षेत्र में चलती टेन से गिरने से रेलवे कर्मचारी की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रेलवे में टैक्नीशियन के पद पर तैनात कर्मचारी केशवरायपाटन इलाके में चलती टेन से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

ट्रेन से गिरने की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रेन से गिरकर घायल हुए युवक को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि कोतवाली गंगापुर सिटी निवासी भरत गुर्जर जो चेन्नई स्थित रेलवे में टेक्श्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। छुट्टी के चलते घर पर आये हुए थे। तीन जनवरी को जयपुर-चैन्नई एक्सप्रेस से चैन्नई जाते समय केश्वराय पाटन में चलती टेन से गिरकर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

कोटा में युवा संबल मेला 12 को

■ एक ही मंच पर मिलेंगे रोजगार, स्वरोजगार और प्रशिक्षण के अवसर

कोटा, (निसं)। हर वर्ष 12 जनवरी का दिन देशभर में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत के युवाओं को ऊर्जा, संकल्प और राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करने का प्रतीक है। स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार आज भी युवाओं को आत्मविश्वास, परिश्रम और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाते हैं।

इसी भावना को साकार रूप देने के उद्देश्य से, युवाओं को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही राज्य सरकार द्वारा 12 जनवरी 2026 (सोमवार) को कोटा में युवा संबल मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम, नयापुरा, कोटा में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किया जा रहा युवा संबल मेला युवाओं के लिए एक ऐसा मंच बनेगा, जहां रोजगार, प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप और स्वरोजगार के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे। मेले में राज्य तथा राज्य से बाहर की विभिन्न निजी कंपनियों एवं नियोजकों को आमंत्रित किया गया है, जो विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगे। कई कंपनियों द्वारा ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू और चयन प्रक्रिया भी आयोजित की जाएगी। निजी नियोजक पोर्टल पर पंजीयन कर रिक्तियों की जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

युवा संबल मेला केवल एक रोजगार मेला नहीं, बल्कि रोजगार दिवस, प्रशिक्षण मेला और स्वरोजगार मार्गदर्शन का समन्वित स्वरूप है। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की कुल 13 प्रमुख योजनाओं को एकीकृत किया गया है, जिनमें दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना, आरएसएलडीसी सक्षम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना, आरसेटी तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार, ऋण सुविधा और स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों, बैंकों, औद्योगिक संगठनों और प्रशिक्षण संस्थानों की सहभागिता रहेगी। युवाओं के लिए मौके पर ही पंजीयन, जॉब प्रोफाइल मैपिंग, इंटरव्यू, अप्रेंटिसशिप चयन, ऋण परामर्श और स्वरोजगार मार्गदर्शन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंक अधिकारी और विशेषज्ञ युवाओं को वित्तीय प्रबंधन और उद्यमिता से जुड़ी जानकारी भी देंगे।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित यह मेला स्वामी विवेकानंद के उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत के संदेश को धरातल पर उतारने का प्रयास है। युवा संबल मेला शहरी ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों के युवाओं के लिए भी रोजगार और व्यवसाय के नए द्वार खोलेगा। सरकार और प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि इस पहल के माध्यम से युवाओं को केवल अवसर ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने के लिए ठोस सहयोग और मार्गदर्शन भी मिले, ताकि युवा शक्ति प्रदेश और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बन सके।

कार्यक्रम का समापन

कोटा, (निसं)। राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में 5-6 जनवरी, 2026 को आयोजित किए गए साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 'स्वर-तरंग' का रंगारंग समापन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। दोनों ही श्रेणियों में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित

कोटा, (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की पारदर्शी और संवेदनशील वातावरण में सुनवाई तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आज शाम 6 बजे सनातन मंदिर हॉल दादाबाड़ी में 'शहरी जनसम्पर्क कार्यक्रम' आयोजित होगा।

MUNICIPAL CORPORATION KOTA (RAJ.)
Add :- C.A.D. Circle, Dusshehra Ground, kota
No. :NNK/ELECT/2025-26/215-222 Date : 02-01-2026
Notice Inviting Bid
Bid for "Electrification and lighting, sound system related work at kishorepura muktidham (Vth phase)" are invited from interested bidders from 05-01-2026 to 15-01-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and www.kotamc.org department website.
Estimated Amount : 150.96 Lac
NIB code : DLB2526A9804
UBN : DLB2526WSOB29183
Raj.Samwad/C/25/17181
Executive Engineer
Municipal Corporation, Kota

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय...नगर परिषद बून्दी (राज.)
क्र.सं. **लोक सूचना** दिनांक : 6.1.2026
आवेदक राधेश्याम अग्रवाल पुत्र श्री द्वारका लाल निवासी दादाबाडी कोटा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि आधारित ओधोगिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील बून्दी जिला बून्दी	ग्राम रामगंज बालाजी	672/121,675/121, 676/12 1 कुल किता 3	कुल रकवा 0.9228 है.कृषि आधारित ओधोगिक प्रयोजनार्थ

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 6.1.2026 को जारी की गयी।
प्राधिकारी अधिकारी का नाम और मुहर

कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां
क्रमांक-न.पा.छ./2025/6063 प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए) दिनांक-01.01.2026
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका छबड़ा जिला बारां
लोक सूचना
आवेदक श्री जोगध्यान पुत्र श्री सेवाराम, श्रीमती संध्या पत्नि श्री धर्मेन्द एवं सोनाली पुत्र धर्मेन्द्र जातिगण पंजावी निवासीगण छबड़ा तह. छबड़ा जिला बारॉ (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ के लिए उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

तहसील व जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा संख्या क्षेत्र
छबड़ा जिला बारॉ	छबड़ा	0.1265 है.

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों एवं आमजनो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृत अधिनियम 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आपेक्ष है जो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपनी आपेक्ष / आपत्ति प्रस्तुत कर सकेगा।
उपयुक्त नियम समय 7 दिवस के अन्दर किसी आपेक्ष/आपत्ति के अभाव में यह समझा जाऐगा कि किसी को आपेक्ष/ आपत्ति नही है और तदानुसार पत्रावली का निस्तारण कर दिया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 01.01.2026 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी / अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका छबड़ा, जिला, बारॉ (राज.)

कार्यालय नगर निगम कोटा, राजस्थान
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा
email : nnkota@gmail.com, websites : www.kotamc.org, Ph.: 0744-2502142
क्रमांक :- ननिको/निर्माण/2025/1131-1142 दिनांक :- 02.01.2026
ई-निविदा सूचना संख्या 57/2025-26
नगर निगम कोटा द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित कुल 03 कार्य हेतु कुल राशि 135.42 लाख रूपये की ऑन-लाईन निविदायें दिनांक 07.01.2026 से दिनांक 16.01.2026 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.kotamc.org.in, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत (लाखों में)
1	नगर निगम कोटा सीमा क्षेत्र जोन-03 के वार्डो में विभिन्न स्थानो पर यूरीनल टॉयलेट निर्माण/मरम्मत कार्य एवं अन्य विकास कार्य।	40.00
2	नगर निगम कोटा सीमा क्षेत्र जोन-04 के वार्डो में विभिन्न स्थानो पर यूरीनल टॉयलेट निर्माण/मरम्मत कार्य एवं अन्य विकास कार्य।	35.00
3	नगर निगम कोटा सीमा क्षेत्र जोन 5 के वार्डो में विभिन्न स्थानो पर यूरीनल टॉयलेट निर्माण/मरम्मत कार्य एवं अन्य विकास कार्य।	60.42

NIB Code No. DLB2526A9825 UBN No. DLB2526WSRC29234
UBN No. DLB2526WSRC29235 UBN No. DLB2526WSRC29236
राज.संवाद/सी/25/17180
अधिशाषी अभियन्ता
नगर निगम